कार्यालय : मण्डलीय अपर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) कुमाऊँ मण्डल नैनीताल

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा नियमावली–2014 में निहित प्राविधानों तहत सचिव उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद रूड़की के माध्यम से इस कार्यालय को प्राप्त चयन सूची के सापेक्ष स0अ0एल0टी0 स्नातक वेतनक्रम में नियुक्ति हेतु नीचे दिये गये विवरणानुसार **दिनांक 22 अक्टूबर, 2016 एवं 24 अक्टूबर, 2016** को रा0इ0का0 नैनीताल में काउंसिलिंग का आयोजन किया जाता है। काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित शिक्षकों/नव नियुक्त अभ्यर्थियों का विस्तृत विवरण विभागीय वैबसाईट www.schooleducation.uk.gov.in पर अपलोड किया गया है।

क्र. स.	काउंसिलिंग का विवरण	शाखा/ विषय का नाम	दिनांक	Y क्षेत्र से X क्षेत्र में समायोजित/स्थानान्तरित किये जाने वाले शिक्षकों की संख्या/नियुक्ति हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों का विवरण	काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित शिक्षकों की संख्या
01	02	03	04	05	06
01–	सर्वप्रथम वाई क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों को एक्स क्षेत्र में समायोजन/स्थानान्तरण किये जाने हेतु काउंसिलिंग	सामान्य शाखा सामान्य विषय	22–10–2016	09	**विभागीय वैबसाईट पर प्रदर्शित सूची के क्रमांक 145 से 165 तक**
02–	स0अ0एल0टी0–सामान्य विषय में चयनित अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों की जांच/ विद्यालय आवंटन हेतु	सामान्य शाखा सामान्य विषय 10 प्रतिशत	24–10–2016	अनुक्रमांक–600306216, 600306181, 590406038	03
03–	स0अ0एल0टी0–सामान्य विषय में चयनित अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों की जांच/ विद्यालय आवंटन हेतु	सामान्य शाखा सामान्य विषय 60 प्रतिशत	24–10–2016	अनुक्रमांक–520706070, 590106249, 600306186, 610606320, 581306238, 590106337, 600306266, 530306131, 512706116, 600306318, 590306038, 581906329, 510606138, 600606080, 600306034, 590106289, 590106399, 590306507,630306301	19
04–	स0अ0एल0टी0–गृह विज्ञान विषय में चयनित अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों की जांच/ विद्यालय आवंटन हेतु	महिला शाखा गृह विज्ञान विषय 60 प्रतिशत	24–10–2016	अनुक्रमांक–610110069	01

अतः इस विज्ञप्ति के माध्यम से उपरोक्त विवरणानुसार विभागीय वैबसाईट पर प्रदर्शित सूची के अनुसार सम्बन्धित शिक्षकों को निर्धारित तिथि की प्रातः 11.00 बजे रा0इ0का0 नैनीताल में काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया जाता है। यहां पर यह स्पष्ट रूप से अवगत कराया जाता है कि वाई क्षेत्र से एक्स क्षेत्र में समायोजन/स्थानान्तरण मात्र उपरोक्त स्तम्भ–05 में अंकित संख्यानुसार ही किये जाने हैं। समायोजन हेतु निर्धारित संख्या से अधिक शिक्षकों को काउंसिलिंग हेतु इस कारण से आमंत्रित किया जा रहा है कि यदि कोई शिक्षक समायोजन/स्थानान्तरण हेतु अपनी असहमति जाहिर करता है तो उसके स्थान पर नीचे क्रमांक के अभ्यर्थी को X क्षेत्र में समायोजन/स्थानान्तरण का अवसर प्रदान किया जायेगा। काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं को काउंसलिंग में अपना नवीनतम् अध्यापक विवरण (सेवा गुणांक) अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। वैबसाईट पर प्रदर्शित उपरोक्त सूची के अतिरिक्त मण्डलान्तर्गत स0अ0एल0टी0–सामान्य विषय में वाई क्षेत्र में कार्यरत यदि किसी शिक्षक का नाम सूची में अंकित होने से छूट गया है तो वे भी अपने नवीनतम् अध्यापक विवरण (सेवा गुणांक) के साथ अपना प्रत्यावेदन काउंसिलिंग की तिथि को प्रातः 10.00 बजे तक अनिवार्य रूप से समिति के सम्मुख प्रस्तुत करें। उक्त तिथि को प्राप्त होने वाले समस्त प्रत्यावेदनों के निस्तारणोपरान्त ही काउंसिलिंग प्रारम्भ की जायेगी। बाद में प्राप्त होने वाले किसी भी प्रत्यावेदन पर कोई विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

उपरोक्त विवरणानुसार नवनियुक्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि काउंसिलिंग की तिथि को अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित निर्धारित समय पर काउंसिलिंग स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित समय के उपरान्त कोई अभ्यर्थी काउंसिलिंग में उपस्थित होता है तो सम्बन्धित अभ्यर्थी को अवशेष रिक्त पदों पर ही काउंसिलिंग का अवसर प्रदान किया जायेगा। जिस हेतु सम्बन्धित अभ्यर्थी को बाद में कोई दावा/क्लेम मान्य नहीं होगा।

साथ ही सामान्य विषय में नियुक्ति हेतु आमंत्रित उपरोक्त अभ्यर्थियों को यह भी अवगत कराया जाता है कि सम्बन्धित अभ्यर्थियों को स0अ0एल0टी0–सामान्य विषय में समायोजन/स्थानान्तरण के उपरान्त कुल रिक्त पदों की उपलब्धता के सापेक्ष ही नियुक्ति प्रदान की जायेगी।

पृ0सं0/सेवाएं–3क(2)/अराज0/ 8074-78 /2016–17 दिनांक 18 अक्टूबर, 2016

प्रतिलिपि प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01–निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून।

02–पर्यवेक्षक/मण्डलीय अपर निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा कुमाऊँ मण्डल नैनीताल।

03–सम्पादक दैनिक हिन्दुस्तान/अमर उजाला नैनी को इस आशय के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को अपने दैनिक समाचार पत्र के कुमाऊँ संस्करण में न्यूनतम स्थान एवं शासकीय दरों में प्रकाशित करते हुए बिल दो प्रतियों में इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

मण्डलीय अपर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)
कुमाऊँ मण्डल नैनीताल